मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 | अंक -07 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 06 नवंबर से 12 नवंबर 2023 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

## खुले में कचरा फेंकने वाले सोसायटियों पर मनपा करेगी कार्रवाई...



**नवी मुंबई :** खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश नवी मुंबई महानगरपालिका आयुक्त राजेश नार्वेकर ने महानगरपालिका के सभी विभाग अधिकारियों को दिया है। जिस पर अमल करते हुए विभाग कार्यालय ने सोसाटियों को नोटिस भेजकर खुले में कचरा फेंकने वालों रोक लगाने के लिए कहा है। वहीं खुले में कचरा फेंकने वालों से 250 रुपए का दंड वसूलना शुरू किया है।

गौरतलब है कि स्वच्छता के मामले में नवी मुंबई महानगरपालिका को देश में नंबर वन बनाने के लिए महानगरपालिका प्रशासन द्वारा तरह-तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। इसमें सफलता भी मिल रही है। इसी के चलते विगत सात साल के दौरान नवी मुंबई महानगरपालिका को राष्ट्रीय स्तर पर कई रेटिंग मिली हैं। स्वच्छता के मामले में नवी मुंबई को नंबर वन बनाने के लिए महानगरपालिका के माध्यम से हाउसिंग सोसायटी, अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के बड़े परिसरों, शैक्षणिक संस्थानों और औद्योगिक समूहों को गीले-सुखे कचरे को अलग-अलग फेंकने के लिए हरे और नीले डिब्बे उपलब्ध कराए हैं। सोसायटी में उत्पन्न होने वाले कचरे को सोसायटी के कूड़ेदान में जमा करना अनिवार्य है।

## जरांगे के भूख हड़ताल खत्म करने के बाद एक्शन मोड में प्रशासन

### सीएम शिंदे ने बुलाई जिला कलेक्टरों की बैठक

**मुंबई :** मनोज जरांगे ने मराठा आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू किया था. अब जरांगे ने अपना अनशन खत्म कर दिया है. इसके बाद प्रशासन भी एक्शन मोड में नजर आ रहा है. सीएम एकनाथ शिंदे ने सभी जिला कलेक्टरों की एक बैठक बुलाई है. इस बैठक में मराठा आरक्षण के लिए नियुक्त शिंदे समिति के कामकाज की भी समीक्षा की जाएगी. इसके साथ-साथ जिला कलेक्टर से भी समन्वय किया जायेगा. महाराष्ट्र में कुनबी जाति प्रमाणपत्र वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सीएम शिंदे ने यह बैठक बुलाई है.




**मनोज जरांगे ने की ये मांग**

सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने अंतरवली सराती जाकर मनोज जरांगे से मुलाकात की थी. इसके बाद जरांगे ने कुछ शर्तों के साथ अपनी भूख हड़ताल छोड़ दी. लेकिन सीएम शिंदे की टेंशन यहीं खत्म नहीं हुई. इसके बाद जरांगे ने राज्य सरकार को दो महीने के अंदर ये मुद्दा सुलझाने के का समय दिया है. ये भी कहा है कि अगर समय से ये मुद्दा नहीं सुलझा तो वे बड़े आंदोलन का नेतृत्व करेंगे. मनोज जारांगे की ये मांग है कि महाराष्ट्र के सभी मराठा भाइयों को आरक्षण मिलना चाहिए.

### कलेक्टरों को काम में तेजी लाने के निर्देश

जैसे मनोज जरांगे ने अपना अनशन वापस लिया तो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनका धन्यवाद किया. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वह मराठा समुदाय को कानून के दायरे में रहकर आरक्षण देंगे. जरांगे ने सरकार को चेतावनी दी है कि अब दिया गया समय आखिरी है और अब बिल्कुल भी समय नहीं दिया जाएगा. इस बीच, जरांगे पाटिल ने कहा है कि भले ही जरांगे पाटिल ने अपना आमरण अनशन खत्म कर दिया है, लेकिन वह राज्य भर में क्रमिक भूख हड़ताल जारी रखेंगे. अब हम देख सकते हैं कि राज्य सरकार की गतिविधियों में भी तेजी आ गई है. साथ ही यह भी देखना अहम होगा कि मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई जिलाधिकारियों की बैठक में क्या समाधान निकलेगा.

## मालाड आरपीएफ ने फिर धर दबोचा शातिर मोबाइल फोन चोर

**मालाड :** ऑपरेशन 'यात्री सुरक्षा' के तहत आए दिन आरपीएफ शातिर चोरों को अलग-अलग रेलवे स्टेशन पकड़कर उन्हें जीआरपी के हवाले कर रही है। इसी क्रम में मालाड आरपीएफ ने एक ३९ वर्षीय शातिर मोबाइल चोर धर दबोचकर उसे बोरीवली जीआरपी के हवाले कर दिया है।मिली जानकारी के अनुसार, २९ अक्टूबर २०२३ को राममंदिर स्टेशन के प्लेटफार्म नं. ३ पर यात्री नाम- सचिन सुधाकर रावत (३८), को नींद लग जाने के कारण किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल (११५०० रुपये)। चोरी कर लिया गया था। चोरी के संबंध में बोरीवली जीआरपी में केस दर्ज किया गया था। उपरोक्त घटना के संबंध में आरपीएफ निरीक्षक (गायत्री पटेल) मालाड ने पोस्ट व्हाट्सएप ग्रुप पर सीसीटीवी फुटेज शेयर करवाकर फरार आरोपी को पकड़ने बाबत स्टाफ अधिकारियों को निर्देशित किया था।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय सफल रैली में नाई समाज ने दिखाया एकता का परिचय





**गोरखपुर,** जनयायक कपूर्री ठाकुर न्याय रैली सहजनवा गोरखपुर में रामभवन शर्मा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व आयोजित कर नाई समाज का दिखाया ताकत सभी प्रदेश से आए नाई समाज के लोगो ने किया एकता का परिचय देते हुए भीति रावत कॉलेज के ग्राउंड में भरी हुंकार कहा अब नाई समाज का भाई राजनीति में भागीदारी होनी चाहिए जिसके लिए रामभवन शर्मा अब बैठने वाले नही है आप सभी के सहयोग से संघर्ष जारी रहेगा। और सभी भाइयों को बहुत बहुत बधाई हो गोरखपुर की रैली तो बहुत शानदार तरीके से संपन्न हो गई और यह ऐतिहासिक रैली आने वाले समय के लिए एक नजीर बन गई हैं।

अब आगे चुप नही बैठना है,,, सभी भाई तैयार रहिए फिर एक नये संघर्ष इतिहास के लिए ।हम सबको यही नहीं ठहरना है, अभी बहुत संघर्ष बाकी है इस शानदार और ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए सविता - सलमानी समाज के एक-एक परिवार और एक-एक सदस्य के प्रति राष्ट्रीय नाई महासभा उत्तर प्रदेश ऋणी और कृतज्ञ है । आपके अमूल्य विचार, शानदार प्रेरणा व उपस्थिति और तन - मन - धन से सहयोग के साथ साथ हर जिले का शानदार नेतृत्व, तूफानी जन सम्पर्क कर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील/ उपस्थिती ने इस कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बना दिया ।सविता सलमानी परिवार की एक-एक सदस्य को मैं एक बार फिर से ढेरों बधाई और शुभकामनाएं के साथ साथ आपको कोटि-कोटि प्रणाम कर रहा हूं।

प्रोटोकॉल की वजह से मैं अपने कई अजीज साथी और सहयोगी को मंच पर बुलाने में अपने आप को असमर्थ महसूस कर रहा था , जिसके लिए मुझे खेद है और इसके लिए मैं आपसे बारंबार क्षमा भी मांगता हूं नजरों से ना उतरना , दिल में बसाये रखना **अभी तो यह अंगड़ाई है...** आगे और लड़ाई है।

मा.श्री आजाद गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधान पार्षद, अनिल शर्मा राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राष्ट्रीय नाई महासभा ने रामभवन शर्मा प्रदेश अध्यक्ष को सफल कार्यक्रम की दी शुभकामनाएं और सभी प्रदेश से आए नाई समाज के लोगो प्रति जताया आभार।

### मा.अखिलेश यादव को स्मृति चिन्ह भेंट कर अनिल शर्मा द्वारा किया गया सम्मानित



भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था वरिष्ठ संरक्षक व प्रेरणा स्रोत बड़े भाई अनिल शर्मा मुंबई महाराष्ट्र द्वारा माननीय अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया।पूरे संस्था की तरफ से आपका हार्दिक स्वागत बंदन व अभिनंदन करते हैं। धन्यवाद संस्था अध्यक्ष दिनेशचंद्र शर्मा।


## कदम कदम पर कैलेण्डर 2024



### विज्ञापन दर

| | |
|---|---|
| विजिटिंग कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 2000/-<br>:12 माह 20000/- |
| डबल वि. कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 3000/-<br>: 12 माह 30000/- |

कैलेंडर हेतु विज्ञापन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2022

संपादक - छोटेलाल शर्मा

मो.:09819862172

प्रबंध संपादक - अनिल शर्मा

मो.:09833329721

नोट :चेक, डीडी. 'कदम कदम पर' के नाम से जारी करें.

Email : kadamkadampar1@gmail.com

A/c Name : Kadam Kadam Par
Branch : Kanjurmarg (East), Mumbai - 78.
Bank of Maharashtra Kanjur Marg (W)
A/c No. : 60342646436
IFC Code : MAHB0000397



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# राजनीति सामाजिक न्याय

बिहार सरकार की ओर से जातिगत सर्वे के आंकड़े सार्वजनिक किए जाने के बाद देश की राजनीति सामाजिक न्याय के मुद्दे पर आकर टिक गई है, क्योंकि अगले वर्ष लोकसभा चुनाव होने हैं। जातिगत सर्वे के आंकड़ों ने बिहार की राजनीति में आनुपातिक आरक्षण की मांग को बल दिया है। अभी इन आंकड़ों के आधार पर ज्यादा कुछ कहना ठीक नहीं, लेकिन यह तय है कि देश की नजर अत्यंत पिछड़े समूहों पर आकर टिक गई है, क्योंकि बिहार में हुए सर्वे के लिहाज से राज्य में सबसे बड़ी आबादी अत्यंत पिछड़े वर्ग की है। यह कुल आबादी के 36 प्रतिशत से अधिक है। इससे बिहार की सामाजिक बनावट की स्थिति का तो पता चल रहा है, लेकिन शेष देश में अति पिछड़ों की सामाजिक स्थिति कैसी है, यह भी पता चलना चाहिए। इसी कारण नीतीश कुमार ने जातिगत जनगणना के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। अति पिछड़ा वर्ग सबसे अधिक गरीब है। इस वर्ग में अधिकांश जातियों के लोग विभिन्न कुटीर उद्योगों, सेवाओं, दस्तकारी, बागवानी करने, मछली पकड़ने, मिट्टी के बर्तन बनाने, बर्तन साफ करने, मालिश करने और बाल काटने आदि कार्यों से जुड़े हुए हैं। वैश्वीकरण के बाद इनकी स्थिति और भी खराब हो गई है। इन जातियों की गरीबी का कारण शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी है। 43 वर्ष पहले जब मंडल आयोग की रिपोर्ट आई थी तो इस आयोग के एकमात्र दलित सदस्य एलआर नाइक ने सिफारिशों पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय आयोग के अध्यक्ष बीपी मंडल ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर बताया था कि नाइक के असहमति नोट पर आम सहमति क्यों नहीं बन सकी। यह असहमति नोट रिपोर्ट के शुरूआती भाग का हिस्सा है। जब वीपी सिंह ने मंडल रिपोर्ट को लागू किया तब भी उसके पहले पन्ने को अनदेखा कर दिया गया, जिसमें नाइक के असहमति नोट का जिक्र था। यदि कांग्रेस ने इस असहमति नोट पर ठीक से बहस की होती तो शायद मोदी सरकार को जस्टिस रोहिणी आयोग का गठन नहीं करना पड़ता और राहुल गांधी को 'जिसकी जितनी आबादी, उसका उतना हक' का नारा नहीं देना पड़ता। नाइक ने असहमति नोट में लिखा था कि ओबीसी दो बड़े सामाजिक समूहों से बना वर्ग है। एक जमींदार ओबीसी, जिसे मध्यवर्ती पिछड़ा वर्ग बताया और दूसरा कारीगर ओबीसी, जिसे दलित पिछड़ा वर्ग बताया गया। नाइक का मानना था कि ओबीसी के अंदर एक कृषक वर्ग है और दूसरा वर्ग उन जातियों का है, जो कारीगरी, बागवानी आदि कर जीवन-यापन करती हैं। ये जातियां मुख्यतः भूमिहीन हैं। मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने से किसान जातियां तो समृद्ध हुईं, पर भूमिहीन जातियों की स्थिति में खास बदलाव नहीं आया। इसे देखते हुए 12 राज्यों ने ओबीसी आरक्षण को दो या दो से अधिक भागों में बांटने का काम किया। बिहार में कपूर्री ठाकुर ने 1977-78 में मुंगेरी लाल कमीशन की रिपोर्ट लागू कर आरक्षण को दो भागों में बांटने का काम किया। आरक्षण के वर्गीकरण के कारण ही बिहार और तमिलनाडु में अत्यंत पिछड़ी जातियों की राजनीतिक और शैक्षणिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव देखा गया। अति पिछड़ी जातियां भूमिहीन होने के साथ सामाजिक-शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से बेहद कमजोर हैं। इसके चलते उन्हें आरक्षण का उचित लाभ नहीं मिल पाता। ओबीसी को एक वर्ग के रूप में देखने के बजाय उसे उसकी विविधता में देखने की जरूरत है, क्योंकि ओबीसी सैकड़ों जातियों को मिलाकर बना एक वर्ग है। एलआर नाइक के अनुसार मध्यवर्ती पिछड़ा वर्ग या उच्च ओबीसी अपेक्षाकृत संपन्न है, जबकि आर्थिक एवं सामाजिक रूप से अति पिछड़ी जातियां हाशिए पर हैं। नाइक ने अत्यंत पिछड़ी जातियों के हितों की रक्षा के लिए आरक्षण को दो भागों में विभाजित करने का सुझाव दिया था। उन्हें डर था कि उच्च ओबीसी आरक्षण पर एकाधिकार कर लेगा।

# गोरखपुर में आयोजित जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय महारैली कार्यक्रम में मंचासीन विजय प्रताप सविता

**सहजनवा.** गोरखपुर में आज आयोजित जननायक कपूर्री ठाकुर सामाजिक न्याय महारैली में । जिसमें सविता - सलमानी समाज की भयंकर उपस्थिति से पूरा मैदान भर गया। पहली बार किसी खुले मैदान में लाखों की संख्या में सविता - सलमानी समाज की भीड़ अपनी राजनैतिक हिस्सेदारी के लिए लामबंद हुई है। बंद कमरे या बंद हाल में तो इस समाज के बहुत से कार्यक्रम हुए है लेकिन कल के इस कार्यक्रम ने सविता - सलमानी समाज के अंदर की राजनीतिक भूख को पटल पर ला कर रख दिया ।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी को इस महारैली के माध्यम से सविता - सलमानी समाज की भीड़ ने जबरदस्त संदेश देने का काम किया है कि हम भी अब अपना राजनीतिक अधिकार ले कर ही रहेंगे और यह अधिकार



लेने के लिए हम हर तरह का त्याग, बलिदान और संघर्ष करने को तैयार है।

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री मांड्ड योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर की रैली बहुत शानदार और ऐतिहासिक रही जिसे देखकर भाजपा एवम्‌ प्रशासन के लोग आश्चर्य चकित रह गए ।

मेरी समाज बंधुओं से अपील है कि आप सब अपने समाज को आगे बढ़ाने के लिए किसी भी पार्टी में हैं हमें इतराज नहीं है मगर यही क्या कम है कि सभी कम से कम एक प्लेटफार्म तो बना रहे हैं यही क्या कम है हमें पार्टी से लेना देना नहीं है। हमें हमारे समाज को एक जगह तो मिलनी चाहिए सभी का सम्मान बढ़ेगा। पहले बढ़ने दीजिए कोई भी विरोध मत करो कहां हमारा समाज किसी भी पार्टी में जगह कम बना पा रहा था अब तो जागे हैं उनको मदद कीजिए पहले ही हमारे समाज के लोग विरोध करने लगते हैं गलत बात है।जिस किसी भाई को विरोध हो आप भी किसी पार्टी से जुड़कर अपने समाज को जगह दिलायें हमें गर्व होगा कि हमारा कोई भाई किसी भी पार्टी में जगह बना लिया है। हमारे समाज को आगे बढ़ाने में आप सब मदद करें मैं आप पर गर्व करूंगा।हम देखते हैं और समाज के लोग नगरसेवक , विधायक ,सांसद जादा बनते हैं हमारे समाज में कहीं कोई मिलता है।इस पर आप लोग अपना समय लगावें न कि विरोध करने में लगायें।आइए हम सब अपने नाई समाज को हर पार्टी में सम्मान और जगह दिलाने में एक साथ आकर उनको सम्मान दिलाने में मदद करें।

# भदोही के नेहा शर्मा हत्या प्रकरण में

**भदोही :** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. एवं महापदमनंद वेलफेयर ऑगेनाईजेशन(एम डब्ल्यू ओ) के संयुक्त तत्वावधान में भदोही जिलाध्यक्ष कैलाश शर्मा व भदोही जिला संगठन मंत्री राजेश शर्मा के नेतृत्व में नाई समाज के लगभग 150 लोग आज भदोही जनपद के नेहा शर्मा हत्या प्रकरण में नेवादाकला गांव पहुँच कर मृतका के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट की और उन्हें ढाँढ़स बंधाया तथा आश्वस्त किया कि दुःख की इस घड़ी में संपूर्ण नाई समाज उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है ' एम डब्ल्यू ओ के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कोतवाल भदोही से बात कर प्रकरण पर हुई प्रगति के बारे में जानकारी ली ' उन्होंने कोतवाल को चेतावनी देते हुए कहा कि 3 दिन के अंदर मामले



का खुलासा करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए अन्यथा अपने अधिकारों को पाने के लिए/अपराधियों को सजा दिलाने के लिए नाई समाज सड़क पर उतरने को मजबूर होगा ' भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति (B N K V S S) के संस्थापक/अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने मृतक नेहा शर्मा के पिता चन्दू लाल शर्मा जी को विश्वास दिलाया कि न्याय की इस लड़ाई में समाज व संगठन सदैव आपके साथ खड़ा रहेगा आपके एक इशारे पर समाज के क्रांतिवीर सीना तान कर कंधो से कंधा मिलाकर चलेंगे और आपको न्याय दिलाएंगे तथा अपराधियों को सजा दिलाने का कार्य करेंगे ताकि समाजहित व न्याय हो और ऐसी घटना दुबारा न घटे।

जनपद भदोही में नाई समाज की एकता और समर्पण को दशार्ते हुए एकत्रित कई जनपदों के सम्मानित स्वजातीय भाइयों का बहुत बहुत धन्यवाद।

समाज कल्याण हेतु इसी तरह से आपसी एकता को और अधिक मजबूत बनाना प्रार्थनीय हैं।

**संस्था अध्यक्ष दिनेशचंद्र शर्मा**
**नंदवंशी अजय शर्मा**
**रा. मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता**
**भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.**


राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३


# पत्नी झगड़कर मायके आई तो दामाद ने सास को किया किडनैप...

## ठाणे पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कल्याण:** पति के साथ लगातार झगड़ों से तंग आकर पत्नी गुस्से में अपनी बेटी के साथ घर छोड़कर कल्याण स्थित मायके चली आई। पत्नी कल्याण पूर्व में रहती है। दो दिन बाद पति अपने दोस्त के साथ पत्नी और बच्चे को वापस ले जाने के लिए अपनी सास के घर पहुंचा। जब सास ने बेटी को ससुराल भेजने से इनकार कर दिया तो दमाद ने झूठ बोलकर सास का अपहरण कर लिया। आरोप है कि दामाद ने सास को तलोजा ले जाकर एक घर में बंद कर दिया और बेरहमी से पीटा। मानपाडा पुलिस ने सास को दामाद के चंगुल से छुड़ाकर आरोपी और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। भावेश माधवी तलोजा के पास एक गांव में




रहता है। उसकी शादी कल्याण पूर्व में रहने वाली दीक्षिता खोकरे से हुई है। उसका एक बेटा भी है। दीक्षिता और उसके पति भावेश के बीच कुछ महीनों से पारिवारिक मुद्दों पर झगड़ा चल रहा था।लड़ाई-झगड़े से तंग आकर दीक्षिता अपनी मां के घर कल्याण आ गई।

भावेश और उसका दोस्त सूरज म्हात्रे दीक्षिता और बच्चे को वापस अपने घर ले जाने के लिए कल्याण पूर्व के अमरदीप कॉलोनी आए। यहां भावेश ने गुस्से में पूछा कि उसकी पत्नी कहां है और उसने बच्चे को किसे बेचा है। इस पर भावेश की सास ने अपनी बेटी को वापस ससुराल भेजने से यह कहकर इनकार कर दिया कि कि तुमने मेरी बेटी के साथ बुरा किया है। इस पर भावेश ने सास दीपाली को चाकू दिखाकर धमकाया। उसने कहा कि हम तुम्हें अभी पुलिस स्टेशन ले चलेंगे। भावेश और सूरज ने थाने ले जाने का झांसा देकर सास को जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठा लिया और तलोजा स्थित अपने घर ले गया। आरोप है कि वहां उसने अपनी सास को लोहे की रॉड और कैंची से पीटा।

# संजय राउत ने की मांग

## 'सरकार हमेशा आश्वाशन देती है, संविधान में संशोधन कर दिया जाए आरक्षण',

**मुंबई :** मनोज जरांगे पाटिल को केवल आश्वासन दिया गया है. संविधान में संशोधन कर मराठा को आरक्षण दिया जाये. देखिये सरकार हमेशा आश्वाशन देती है. अन्ना आंदोलन के समय भी केवल सरकार आश्वाशन देती थी. मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मराठा आरक्षण को लेकर नौ दिन से जारी अपना अनिश्चितकालीन अनशन गुरूवार को समाप्त कर दिया है, लेकिन समुदाय को आरक्षण का लाभ देने पर दो महीने में कोई कदम नहीं उठाये जाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है.

जरांगे ने कहा कि यदि दो महीने के भीतर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो वह मुंबई तक एक विशाल मार्च का नेतृत्व करेंगे. उन्होंने कहा,



''तब मुंबई के लोगों को सब्जियां तक नहीं मिल सकेंगी.''जरांगे ने जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव स्थित अपने अनशन स्थल पर यह घोषणा तब की जब राज्य के चार मंत्रियों ने उनसे मुलाकात कर अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त करने का अनुरोध किया. बाद में मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अनशन समाप्त करने के लिए जरांगे को






विगत दिनों विगत दिनों भदोही जनपद के थाना भदोही के ग्राम नवादा कल निवासी चंदू शर्मा की पुत्री नेहा शर्मा की हत्या की जानकारी होने पर ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड संगठन संगठन की भदोही जनपद के जिला अध्यक्ष माननीय राजेंद्र प्रसाद शर्मा की नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा विंध्याचल मंडल प्रभारी माननीय इंद्रजीत शर्मा मंडल अध्यक्ष माननीय रविशंकर शर्मा नंद नंद जिला सचिव लाल जी शर्मा आनंद जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव शर्मा वाराणसी मंडल राम भोग शर्मा जी आदि लोग आज दिनांक दिनांक एक एक 11 2023 को नवादा कल पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिला तथा पूरी जानकारी प्राप्त की इस समय जानकारी मिलने पर विवेचना कर रहे इंस्पेक्टर जियालाल यादव मैं हमराही के साथ पहुंचे तथा पूरी जानकारी दिए प्रशासन पूरी तरह आपके साथ लगा हुआ है तथा न्याय करने की पक्ष में है साथ ही साथ पीड़ित परिवार को लेकर लेकर थाना भदोही के के कोतवाल से मिला तथा कोतवाल साहब ने भी प्रतीत मंडल का स्वागत करते हुए पूरा आश्वासन दिया शर्मा परिवार के साथ न्याय किया जाएगा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जो रिपोर्ट बनती है वह अवश्य ही समझ से परे है इसलिए पूरी जानकारी के लिए एक्सपर्ट कमेटी को लखनऊ भेज दिया गया है जैसे रिपोर्ट आएगी आपके साथ न्याय किया जाएगा और आपके परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की बात सरकार से की जाएगी रिपोर्ट करता रविशंकर शर्मा नंद मंडल अध्यक्ष विंध्याचल

# अखिल भारतीय स्थानीय स्व-शासन संस्थान द्वारा क्षय रोग प्रशिक्षण

**मुंबई,** पारिवारिक एवं सामाजिक जन समुदाय को स्वच्छ पर्यावरण,निरोग स्वास्थ्य लाभ मिल सके इस उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अखिल भारतीय स्व-शासन संस्थान द्वारा प्रशिक्षण शिविर दिया जा रहा है। उक्त संस्थान के प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को क्षय रोग,कैंसर,रैबिज, कोविड-19,पोलियो,डायरिया,मलेरिया,डेंगू एवं हाथीपांव जैसी भयानक बीमारी से कैसे बचा जा सकता है और खान-पान किस तरह से रखा जाए जैसी जानकारी देकर प्रशिक्षित किया जा रहा है जो जनमानस के लिए सराहनीय कार्य है। यह कार्य मुंबई ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट, एम.एन. राय ह्यूमन डेवलपमेंट केंपस, शिक्षक कॉलोनी



बांद्रा पूर्व एवं स्थानिक राज भवन अंधेरी पश्चिम के प्राचार्य डॉ घाटे सर के मार्गदर्शन एवं प्रकाश गायकवाड़ के संयोजन में चल रहा है।प्रशिक्षक विनय कुमार शर्मा ने बताया की इसी तरह प्रशिक्षण के रूप में एक कदम के. ई.एम. हॉस्पिटल परेल के RNTCP DOT सेंटर टी.बी.ओपीडी के डॉक्टर राजकुमार टाटे के मार्गदर्शन एवं आरती राउत, अनघा पवार,वैष्णवी मैडम,दीपक चौहान, प्रीति जाधव के द्वारा क्षय रोग की विस्तृत जानकारी देकर सराहनीय कार्य किया।उक्त एस.आई. प्रशिक्षण कार्य उत्कृष्ट प्रशिक्षकों डॉ घाटे,डॉ क्षिरशेकर,डॉ खडवडेकर,डॉ बादिंवडेकर,डॉ किरण कत्रा,डॉ फ्रेंसी द्वारा दिया जा रहा है जिसमें मुंबई के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी एवं महानगर पालिका के सभी वार्डों एवं विभागों के कर्मचारी अपनी उपस्थिति दे रहे हैं।

## दुखद समाचार

आप सभी लोगों को सूचित किया जाता है कि सविता



समाज संस्था के कोषाध्यक्ष श्री. दिनेश श्रीवास्तव की माताजी का आज दिनांक 06/11/2023 को दोपहर 12 बजे देहांत हो गया। भगवान दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस वज्रपात को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दाह-संस्कार:शाम 5.00 बजे

आप सभी को सूचित किया जाता है कि दाह संस्कार दिनांक 07/11/2023 को दोपहर 1.30 बजे किया जाएगा।

भवदीय

शोकाकुल सविता समाज संस्था तथा स्वजातीय बंधु

दिनेश श्रीवास्तव के घर पता :

6, रामसुख सिंह चाल, आदर्श लेन,खार (पूर्व) मुं.51

# सस्ते में सोना दिलाने का झांसा, नवी मुंबई के शख्स से 1.05 करोड़ रुपये की ठगी

**ठाणे :** सस्ती दर पर सोने के सिक्के दिलाने का वादा कर दो लोगों ने नवी मुंबई के एक व्यक्ति से कथित तौर पर 1.05 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि नीरज खंडागले और नीतू कदम नाम के आरोपियों ने शिकायतकर्ता से संपर्क किया और उसे बताया कि गोवा में सोने के सिक्कों से भरा एक बर्तन मिला है तथा यह सस्ती दर पर बिक्री के लिए उपलब्ध है।



अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने मार्च 2022 और जुलाई 2023 के बीच कई किस्तों में आरोपियों को 1.05 करोड़ रुपये का भुगतान किया। उन्होंने बताया कि पूरा भुगतान करने के बावजूद शिकायतकर्ता को सोना नहीं मिला। अधिकारी ने बताया कि पनवेल पुलिस ने बृहस्पतिवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि आगे की जांच जारी है।




**ऑल इंडिया महापद्म नंद kamyuniti एजुकेटेड एसोसिएशन यूनिट मिर्जापुर के संघठन सचिव श्री त्रिवेणी प्रसाद शर्मा जी की पत्नी का हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया त्रिवेणी प्रसाद जी चेकसारी ग्राम के निवासी हैं A IMCEA संगठन की तरफ से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रकृति से प्रार्थना है कि मृतक आत्मा को अपनी गोद में चिर शान्ति प्रदान करे तथा परिवार को इस महान दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे A IMCEA विंध्याचल मण्डल आप के साथ हमेशा खड़ा है.**


**महाराष्ट्र शासन**

**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**

**निविदा सूचना**

खालील कामाच्या निविदा कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, २ रा माळा, बांधकाम भवन, २५ मर्झबान रोड, फोर्ट मुंबई ४०० ००१ दूरध्वनी क्रमांक २२०१६९७५ हे खालील कामासाठी सा.बां.विभागात योग्य वर्गात नोंदणीकृत ठेकेदारांकडून मागवित आहेत. ब-१ को-या निविदेचा नमुना, कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई यांचे कार्यालयातून दिनांक ६.११.२०२३ ते १३.११.२०२३ पर्यंत देण्यांत येईल. कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई हे भरुन पाठविलेल्या सिलबंद निविदा दिनांक १६.११.२०२३ पूर्वी / त्यादिवशी दुपारी २.०० वाजेपर्यंत स्विकारतील आणि शक्यतो त्याच दिवशी उघडतील.

| अ. क्र. | कामांचे नांव | अंदाजित किंमत (रु. लाखांत) | इसारा रक्कम (रुपये) | काम पूर्ण करण्याची कालमर्यादा | निविदेचा नमूना प्रकार | कोऱ्या निविदा नमुन्याची किंमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | जे. जे. स्कूल ऑफ आर्ट आवारातील कॅन्टीन-२ चे चेंबर, पाईपलाईन, प्लास्टर दुरूस्ती व रंगकाम करणे. | ६,९८,३५९/- | ७,०००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/ |
| २ | एम आर ए पोलिस स्टेशन मुंबई पश्चिम बाजूच्या मंगलोरी छताची दुरूस्ती करणे. | ८,११,५६३/- | ८,२००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/ |
| ३ | जी. जे. भोसले मार्ग मुंबई येथील सुनिती इमारत, प्लास्टिक शिट, बांबू मॅटिंग, टारपुलिंग, डॅमरिंग इ. कामे करणे. | ७,५९,२२६/- | ७,६००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/- |
| ४ | नविन विधानभवन मुंबई इमारतीच्या विविध प्रसाधनगृहाचे जलप्रतिबंधक प्रक्रिया करणे, खिडक्यांचे तुटलेले काच बसविणे. | ८,१२,६३४/- | ८,२००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/- |
| ५ | न्यू सिटी सिव्हील कोर्ट मुंबई कोर्ट — ४४, ४८, ५७, ५५ दुरुस्ती व रंगकाम करणे. | ८,४२,००३/- | ८,५००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/ |
| ६ | न्यू सिटी सिव्हील कोर्ट मुंबई कोर्ट — ६६ अंतर्गत रंगकाम, पॉलिश करणे. | ८,४३,२६१/- | ८,५००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/ |
| ७ | प्रशासकीय महाविद्यालय मुंबई आवारातील पाण्याच्या पाईपलाईनची दुरूस्ती करणे. | ७,९९,७९२/- | ८,०००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/ |
| ८ | न्यू सिटी सिव्हील कोर्ट मुंबई इमारतीच्या दरवाजे, खिडक्या दुरूस्ती, पाण्याची पाईपलाईन दुरूस्ती, प्लास्टर, रंगकाम करणे. | ७,३१,४४३/- | ७,४००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/ |
| ९ | उच्च न्यायालय मुंबई विस्तार इमारतीच्या दरवाजे, खिडक्या, ग्रील दुरूस्ती करणे. | ८,४१,१३०/- | ८,५००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/ |
| १० | एल्फीस्टन टेक्नीकल हायस्कूल मुंबई आवारातील डीबीटी शेड दुरूस्ती करणे. | ८,४२,०८५/- | ८,५००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/ |
| ११ | जूने जकात घर आवार मुंबई येथील सेवक निवासस्थाने मंगलोरी छताची दुरूस्ती करणे. | ३,५०,०२४/- | ३,६००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/ |
| १२ | जूने जकात घर आवार मुंबई येथील सेवक निवासस्थाने पाण्याच्या पाईपलाईनची सुधारणा करणे. | ८,७८,०७५/- | ८,८००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/ |
| १३ | जूने सचिवालय मुंबई मुख्य इमारत येथे फ्लोरिंग व दुरुस्तीचे काम करणे. | ८,४१,२८८/- | ८,५००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/ |

कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई यांचे कार्यालयामध्ये सूचना फलकावार सविस्तर निविदा सूचना पहावयास मिळेल. एक किंवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता रद्द ठरविण्याचा अधिकार राखून ठेवला आहे.

जा.क्र. इशवि/निलि/ १५२३८
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय
इलाखा शहर विभाग, २ रा माळा,
बांधकाम भवन, २५ मर्झबान रोड, फोर्ट,
मुंबई ४०० ००१
दिनांक :- 30.10.2023

V. A. Patsakar
(व्ही. ए. पाटसकर)
कार्यकारी अभियंता,
इलाखा शहर विभाग, मुंबई.

प्रत :- उप अभियंता, दक्षिण, पश्चिम, मध्य उप विभाग आणि अधीक्षक आमदार निवास मुंबई यांना माहितीसाठी रवाना.
प्रत :- सुचनाफलक

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४/ क्र-५/C४६६२

# फोन हैकिंग मामला... सरकार ने एपल को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली :** इलेक्ट्रॉनिक्स और कद्र मंत्रालय ने पत्रकारों और विपक्षी नेताओं के फोन हैकिंग से जुड़े थ्रेट नोटिफिकेशन मामले में एपल को नोटिस भेजा है। कद्र सचिव एस कृष्णन ने कहा कि इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम मामले की जांच कर रही है। इसी हफ्ते 31 अक्टूबर को TMC सांसद महुआ मोइत्रा, कांग्रेस नेता शशि थरूर समेत विपक्षी दलों के कई लीडर्स



और कुछ जर्नलिस्ट को एपल से एक नोटिफिकेशन मिला था। इसमें कहा गया- एपल को लगता है कि आपको स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। आपकी एपल कद्र से जुड़े आईफोन को रिमोटली कॉम्प्रोमाइज करने यानी हैक करने की कोशिश की जा रही है। यदि आपका डिवाइस किसी स्टेट-स्पॉन्सर्ड अटैक से कॉम्प्रोमाइज हुआ है, तो वो आपका सेंसिटिव डेटा, कम्युनिकेशन और कैमरा और माइक्रोफोन तक एक्सेस कर सकते हैं। यह संभव है कि यह एक फॉल्स अलार्म हो, लेकिन इस चेतावनी को गंभीरता से लें।

## दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार घायल





**पालघर :** जिले के बोईसर-पालघर मुख्य मार्ग पर उमरोली पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल और रिक्शा के बीच टक्कर से बड़ा हादसा हो गया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी नागरिकों ने कहा कि मोटर साइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए मुंबई के वॉकहार्ट अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। उमरोली पेट्रोल पंप के पास खतरनाक मोड़ होने के कारण इस स्थान पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

## धोखाधड़ी मामले में व्यक्ति गिरफ्तार

**वसई :** मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत क्राइम ब्रांच, यूनिट 3 विरार ने मीरा रोड से एक ऐसे ठग को गिरफ्तार किया हैं। जो लोगों को सस्ते दरों पर फ्लैट बिक्री के लिए उपलब्ध होने का झांसा देकर ठगी करता था। पुलिस ने तीन ठगी मामलों का पदार्फाश भी किया है। जानकारी के अनुसार नालासोपारा पुलिस स्टेशन में डेबिट हैरल पैट्रिक साल्विन ने शिकायत दर्ज कराया कि 13 मार्च 2021 से 06 जुलाई 2021 के बीच राम सिंह देवड़ा, शुभम मिश्रा, सूरज दुबे, गौतम चौधरी और रूम मालिक पुलक दास ने नालासोपारा पश्चिम स्थित यशवन्त गौरव, क्रिस्टल प्लाजा रूम



नंबर ए/708 दिखाकर कहा कि उक्त रूम पर किसी भी प्रकार का कोई ऋण नहीं है। पंजीकरण के माध्यम से उक्त रूम बेच दिया, जबकि इस रूम पर डीएचएफएल बैंकों का ऋण बकाया था। रूम का कब्जा दिए बिना चेक द्वारा कुल 17,50,000 रुपये भी ले लिए। गोपनीय मुखबिरों के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सुरज कमलेश कुमार दुबे (28) को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया।

## सह्याद्रि बिल्डिंग में आग, दो जख्मी

महानगर नेटवर्क



**मुंबई :** घाटकोपर पूर्व में पंतनगर स्थित स'ाद्री नगर के 11 मंजिला स'ाद्री बिल्डिंग में गुरुवार को आग लग गई। दमकल जवानों ने घटना स्थल पर पहुंचकर आग बुझाने का काम किया। दमकल जवानों की तत्परता से आग फैली नहीं और बड़ा नुकसान होने से भी टल गया। मिली जानकारी के अनुसार घाटकोपर पूर्व के पंतनगर स्थित गणपती मंदिर के पास 11 मंजिला स'ाद्री बिल्डिंग में गुरुवार को 1 बजकर 20 मिनट पर आग लग गई। आग इमारत के चौथे मंजिल स्थित कमरा नंबर 403 में लगी थी। आग की सूचना मिलते ही दमकल जवान तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। आग इस बार भी इलेक्ट्रिक वायरिंग में लगी थी। पिछले कुछ दिनों से हाई राइज इमारतों में इलेक्ट्रिक वायरिंग में शॉर्ट सर्किट हो कर आग लगने की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुई है।

# भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर हटाए जाएंगे स्टॉल

## मध्य रेल प्रशासन का फैसला

**मुंबई :** रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सेंट्रल रेलवे प्रशासन ने भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर लगे स्टॉलों को हटाने का फैसला किया है। सेंट्रल रेलवे पर हर दिन 40 लाख से ज्यादा लोग यात्रा करते हैं



। ज्यादातर यात्री सीएसएमटी स्टेशन से हैं। उसके बाद ठाणे, कल्याण घाटकोपर, डोंबिवली, कुर्ला, पनवेल और दादर से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या अधिक है। उपनगरीय ट्रेनों में तकनीकी खराबी की स्थिति में प्लेटफार्मों पर भारी भीड़ होती है। इस दौरान प्लेटफार्मों पर स्टाल बाधा उत्पन्न करते हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रशासन इन्हें हटाने की योजना बना रहा है। कुछ दिन पहले ठाणे स्टेशन पर भीड़ का एक ऑडियो टेप सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। मध्य रेलवे के अन्य भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों पर भी यही स्थिति है। व्यस्त समय में यात्रियों को प्लेटफार्म पर पैर रखने की भी जगह नहीं मिलती है। सूत्रों ने बताया कि यात्रियों को इस असुविधा से बचाने के लिए स्टॉल हटाने का निर्णय लिया गया है। भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों से स्टॉल हटाने की योजना बनाई जा रही है। हालांकि, मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवराज मानसपुरे ने कहा कि अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। दादर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 और 4 पर चार स्टॉल हैं। यह स्टॉल प्लेटफार्म की जगह घेरता है। साथ ही स्टॉल परिसर में भीड़ होने से यात्रियों को भी परेशानी होती है। इसके अलावा कुर्ला, ठाणे, कल्याण रेलवे स्टेशनों पर भी स्टॉलों ने प्लेटफॉर्म की जगह पर कब्जा कर लिया है।

# सरोगेसी के लिए नहीं यूज कर सकते डोनर्स का स्पर्म और एग्स...

## जानें केंद्र का बॉम्बे हाई कोर्ट में क्या हलफनामा

**मुंबई :** क्या डोनर्स के शुक्राणु और एग्स का सरोगेसी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता? इसका जवाब है नहीं। यह बात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बॉम्बे हाई कोर्ट के समक्ष

### इसलिए लगाई गई रोक

भारत ने 2021 का सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम पारित किया क्योंकि देश अनैतिक प्रथाओं, सरोगेट माताओं के शोषण, सरोगेसी से पैदा हुए बच्चों के परित्याग और मानव युग्मकों और भ्रूणों के आयात की रिपोर्टों के साथ एक अंतरराष्ट्रीय सरोगेसी केंद्र के रूप में उभरा। केंद्रीय मंत्रालय ने यह भी कहा कि सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम स्पष्ट रूप से निर्धारित करता है कि सरोगेट मां को सरोगेसी से पैदा हुए बच्चे से आनुवंशिक रूप से संबंधित नहीं होना चाहिए।

दायर एक हलफनामे में कही है। इसमें कहा गया है कि डोनर्स के एग्स और स्पर्म को सरोगेसी के लिए यूज नहीं किया जा सकता है क्योंकि इस बात की 'संभावना' है कि इस तरह से पैदा हुए बच्चों का माता-पिता का बच्चे के साथ 'मजबूत भावनात्मक बंधन' नहीं होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने डोनर्स गेमेट्स का उपयोग करने की अनुमति मांगने वाली याचिका को भी खारिज करने का अनुरोध किया। मंत्रालय ने कहा कि नए सरोगेसी नियम केवल सरोगेसी के




लिए सेल्फ गेमेट की अनुमति देते हैं। हलफनामे में कहा गया है कि राष्ट्रीय बोर्ड के एक विशेषज्ञ निकाय का विचार था कि ध्यान बच्चे के सर्वोत्तम हित पर होना चाहिए।

हलफनामे में कहा गया है कि स्व-युग्मकों के बजाय 'दाता युग्मकों' से पैदा हुए बच्चे को ऐसे माता-पिता अस्वीकार कर सकते हैं या उनकी देखभाल नहीं की जा सकती है जो जैविक रूप से संबंधित नहीं हैं।



मुंबई के उत्तर भारतीय समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से शुरू मेरे जनसंपर्क अभियान का, 12 वां कार्यक्रम आज रविवार, ५ नवंबर को युवा समाजसेवी श्री संतोष (बबलू) पाठक जी के संयोजन में चाँदिवली विधान सभा क्षेत्र स्थित असल्फा मेट्रो स्टेशन के समीप एस आर इंटर नेशनल में आयोजित किया गया। बैठक में काफी सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर बबलू पाठक जी, चंद्रेश दुबे जी, रामविलास पाठक जी, राजेश सिंह जी, प्रिंस जैन जी, रवि दुबे जी, ध्यानी जी , सतीश भाई और विनोद तिवारी जी सहित कई अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे।








यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com